# ार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना
# धमतरी (ग्रा.), जिला– धमतरी (छ.ग.)

//ज्ञापन//

मांक/ /मबावि/स्था./आ0वा0का0स0नि0/2025–26 धमतरी, दिनांक– ~~03~~.02.2026 04

## आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि छ.ग.शासन महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशों के तहत् एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी (ग्रा.), में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है

संचालनालय महिला एवं बाल विकास छ.ग इन्द्रावती भवन ब्लॉक–1 द्वितीय तल नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कं/**IT/830/2025-WCD HOD IT SECTION IT**/ नवा रायपुर दिनांक 05.01.2026 के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं के रिक्त पदों में ई–भर्ती ऑनलाईन नियुक्ति किये जाने के निर्देश दिए गए है।

दिये गये निर्देश के परिपालन में परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं के रिक्त पदों हेतु इच्छुक पात्र महिलाएं (उसी ग्राम/पारे/टोल की निवासरत) ई–भर्ती पोर्टल का **URL: - https://aww.e-bharti.in/** में दिनांक 09 फरवरी 2026 से 23 फरवरी 2026 तक समय सायं 5:30 बजे तक नियमानुसार समस्त संलग्नक प्रमाण पत्र सहित ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात आवेदन आमान्य की जावेगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाओं भर्ती संबंधी नियमावली/निर्देश एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है।

### (अ) आं.बा सहायिका रिक्त पदो का विवरणः–

| क0 | परियोजना का नाम | सेक्टर का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | रिक्त पद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 01 | धमतरी ग्रा. | तरसींवा | भानपुरी | भानपुरी | भानपुरी कमांक 03 | **आं.बा सहायिका** |
| 02 | | तरसींवा | भानपुरी | भानपुरी | भानपुरी कमांक 02 | **आं.बा सहायिका** |
| 03 | | पुरी | धौराभाठा | धौराभाठा | धौराभाठा | **आं.बा सहायिका** |
| 04 | | झिरिया | देवरी | बोदाछापर | बोदाछापर | **आं.बा सहायिका** |
| 05 | | मोंगरागहन | तिर्रा | तिर्रा | तिर्रा | **आं.बा सहायिका** |
| 06 | | खरेंगा | दोनर | दोनर | दोनर कमांक 02 | **आं.बा सहायिका** |
| 07 | | अछोटा | मथुराडीह | तेन्दुकोना | तेन्दुकोना | **आं.बा सहायिका** |
| 08 | | खरेंगा | खरेंगा | खरेंगा | खरेंगा कमांक 01 | **आं.बा सहायिका** |

आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार अर्हताएं हैं :–

1 (अ) आवेदिका की **आयु 18 से 44 वर्ष** के मध्य होनी चाहिए **( आयु की गणना 01 जनवरी 2026 की स्थिति में करें)**।

(ब) एक या अधिक वर्ष की सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह–सहायिका/संगठिका का संबंधित परियोजना अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर आयु सीमा में तीन वर्ष की छुट दी जावेगी)

2 आवेदिका **उसी ग्राम की स्थायी निवासी** होना चाहिए जिस ग्राम में आंगनवाड़ी केन्द्र स्थित है (**शहरी क्षेत्रों** में आवेदिका **उसी वार्ड** की निवासी होनी चाहिए)।

3 निवासी होने के प्रमाण में (1) ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो, तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जावे अथवा (2) **ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव का संयुक्त हस्ताक्षरित निवास प्रमाण पत्र** अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र पर जिसमे वार्ड एवं ग्राम में निवासरत रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

निवास के संबंध में विवाद या शिकायत होने पर तहसीलदार द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा। जाति प्रमाण पत्र हेतु अनुविभागीय अधिकारी का एवं वर्तमान में जारी तहसीलदार का जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा ।

**गरीबी रेखा** (2011)(**स्वतः पृथक सूचकांक/स्वतः शामिल सूचकांक/वंचन सूचकांक में आने वाले परिवार) (वर्तमान में प्रभावशील गरीबी रेखा क्रमांक का प्रमाण पत्र जो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी द्वारा प्रमाणित हो )** का ही मान्य है, गरीबी रेखा कार्ड की छाया प्रति अवश्य लगायें ।

4 आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज एवं फोटो ग्राफ **स्वप्रमाणित** होने पर ही मान्य किया जावेगा ।

5 आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होनी चाहिए :–

| | |
|---|---|
| आंगनवाड़ी **सहायिका पद** हेतु | **8 वीं बोर्ड उत्तीर्ण** **(यदि अंकसूची में ग्रेड दर्शित हो तो संबंधित स्कूल से प्राप्तांक,पूर्णांक एवं प्रतिशत का पृथक पृथक गणना करवाकर प्रस्तुत करें)** |

टीप :–उपरोक्तानुसार पात्र आवेदिका उपलब्ध न होने पर शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रावधान शिथिल कर कम शैक्षणिक योग्यता के आवेदन पर भी विचार किया जावेगा।

6 अनुभवी कार्यकर्ता/ सहायिका , गरीबी रेखा (2011) परिवार, अनु. जाति, अनु. जनजाति परिवार की महिला तथा विधवा / परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर पृथक से अंक प्रदान किया जावेगा।

7 आवेदन पत्र आमंत्रण की अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन समिति द्वारा अनंतिम योग्यता सूची जारी कर **दावा आपत्ति दर्ज करने हेतु ऑनलाईन पोर्टल में अपलोड की जावेगी।** प्रत्येक अभ्यर्थी उक्त ऑनलाईन सूची में अपने नाम के सम्मुख अंकित जानकारी एवं अंक का अवश्य अवलोकन कर लेवें । किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर प्रमाण सहित निर्धारित समयावधि में **ऑनलाईन दावाअपत्ति** अवश्य प्रस्तुत करें ।

8 पृथक– पृथक पद हेतू पृथक– पृथक ऑनलाईन आवेदन भरा जावे ।

उपरोक्तानुसार अर्हता रखने वाली इच्छुक आवेदिका रिक्त पद हेतु **ऑनलाईन** आवेदन कर सकते है। आंगनवाड़ी सहायिका का पद पूर्णतः मानसेवी तथा अशासकीय पद है। इन्हें केन्द्र शासन एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानदेय दिया जावेगा।

**परियोजना अधिकारी**
**एकीकृत बाल विकास परियोजना**
**जिला–धमतरी (ग्रा.)**

**पृ.क./ 101 /मबावि/स्था./आ0वा0का0स0नि0/2025–26** **धमतरी (ग्रा.), दिनांक 03.02.2026 04**

प्रतिलिपिः–

1 कलेक्टर महोदय, धमतरी–जिला धमतरी को सादर सूचनार्थ ।

2 जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास धमतरी को सादर सूचनार्थ ।

3 अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी को सादर सूचनार्थ ।

4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमतरी को सूचनार्थ ।

5 जनपद सदस्य/सरपंच/सचिव क्षेत्र .................................. को सूचनार्थ ।

6 संबंधित पर्यवेक्षक, सेक्टर.............................................को पालनार्थ ।

**परियोजना अधिकारी**
**एकीकृत बाल विकास परियोजना**
**जिला–धमतरी (ग्रा.)**

Scanned with OKEN Scanner